
हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि
रायपुर, शनिवार 22 मार्च 2025

तापमान
अधिकतम 32.0 डिग्री
न्यूनतम 21.0 डिग्री

13 मध्यान्ह भोजन : थाली से दाल पापड़ और सलाद...



14 गर्मी में बोहार भांजी की मांग बढ़ी





## खबर संक्षेप

### संयंत्रों क्षेत्रों में पेयजल समस्या निराकरण के लिए टीम गठित

**बलौदाबाजार।** जिले में संचालित सीमेंट संयंत्र एवं क्रेशरों के खनन क्षेत्र के समीपवर्ती इलाकों में पेयजल एवं कृषि निस्तारी की समस्या की सतत निगरानी एवं निराकरण कराने के लिए कलेक्टर दीपक सोनी द्वारा एक समिति गठित कर दी गई है। समिति 15 दिवस के भीतर सभी सीमेंट संयंत्रों एवं क्रेशर क्षेत्र का भ्रमण कर तथ्यों की समुचित जांच करेगी। पेयजल एवं कृषि निस्तारी की समस्या पाए जाने पर संबंधितों से समस्या का समाधान कराते हुए जांच रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगे। समिति में सम्बंधित अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को अध्यक्ष एवं उप संचालक खनिज प्रशासन को सदस्य सचिव बनाया गया है। वहीं लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन अभियंता, जल संसाधन ▶▶ शेष पेज 13 पर

## अभियान : दतान प में निकाली जागरुकता रैली, दुष्प्रभावों को गिनाया

# शराब के खिलाफ महिलाओं ने शुरू की मुहिम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी

ब्लाक को नशा मुक्त बनाने के लिए पुलिस लगातार नशा मुक्ति अभियान चला रही है। इस अभियान के तहत पलारी थाना के ग्राम दतान प की महिलाओं ने गुरुवार को जागरूकता रैली निकाली। रैली में 300 से अधिक महिलाओं ने भाग लिया। पूरे गांव और गली में जाकर नशे के दुष्प्रभाव के बारे में जानकारी दी। रैली का नेतृत्व ग्राम पंचायत दतान की नवनिर्वाचित सरपंच अंजली पुरुषोत्तम फेकर ने किया। नवनिर्वाचित सरपंच अंजली पुरुषोत्तम फेकर ने कहा कि, नशा केवल व्यक्ति विशेष को ही नहीं बल्कि उसके पूरे परिवार और समाज को प्रभावित करता है। इस कारण कई परिवार आर्थिक संकट, स्वास्थ्य समस्याओं और सामाजिक तिरस्कार का सामना करते हैं।




### नशे की सामग्री ब्रिकी करने वालों की खैर नहीं

सरपंच अंजली फेकर ने ग्रामीणों से अपील करते हुए कहा कि गांव में कोई भी व्यक्ति अवैध रूप से शराब या अन्य नशीले पदार्थों का विक्रय न करें। उन्होंने चेतावनी दी कि, यदि कोई व्यक्ति इस प्रकार के मादक पदार्थों का अवैध व्यापार करता हुआ पाया गया तो, उसकी सूचना तत्काल पुलिस अधीक्षक को दी जाएगी। जिस पर सख्त कार्रवाई की जा सके।

### ग्रामीणों ने नशे से दूर रहने का लिया संकल्प

महिलाओं ने इस अभियान के माध्यम से ग्रामीणों को नशे से दूर रहने का संकल्प दिलाया और स्वस्थ समाज के निर्माण का आह्वान किया। ग्रामीणों ने भी इस पहल का समर्थन करते हुए नशा मुक्त गांव बनाने में सहयोग का आश्वासन दिया।

### अभियान प्रशंसनीय

ग्रामीणों द्वारा जो नशे के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा, वह प्रशंसनीय है। महिलाओं की मांग पर गांव में पुलिस तैनात थी। अवैध कारोबारियों को पुलिस बिल्कुल नहीं बक्सेगी। सूचना मिलते ही कार्रवाई की जाएगी।

**-वीरेंद्र दुबे**, थाना प्रभारी पलारी

# ट्रैक्टर से कुचलकर हत्या की, दो को उम्रकैद की सजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कसडोल




■ 10-10 हजार का अर्थ दण्ड भी लगाया गया

पिछले वर्ष किसान को ट्रैक्टर से कुचलकर हत्या किए जाने का आरोप सिद्ध होने पर जिला एवं सत्र न्यायालय बलौदाबाजार के न्यायाधीश अब्दुल जाहिद कुरैशी ने रामसागर जायसवाल और संजू जायसवाल को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही 10-10 हजार अर्थदण्ड से दंडित किया है और अर्थ दण्ड की राशि जमा नहीं करने पर 6-6 अतिरिक्त कारावास की सजा तथा धारा 201 भा द वि में 2-2 वर्ष की सजा तथा 2000-2000 रुपए अर्थदण्ड की सजा से दंडित किया है अर्थ दण्ड की राशि जमा नहीं करने पर 2-2 अतिरिक्त कारावास की सजा से दंडित किया है। बीते वर्ष कसडोल थानान्तर्गत ग्राम असनिंद में जमीन विवाद के कारण भोर में टहलने निकले मृतक दयाराम जायसवाल की षडयंत्र के तहत ट्रैक्टर से कुचलकर हत्या कर दी गई थी। इसकी रिपोर्ट थाना कसडोल में दर्ज करायी गयी थी। विवेचना के दौरान पूछताछ करने पर आरोपीगण रामसागर जायसवाल, संजू जायसवाल एवं सत्यनारायण जायसवाल ने कबूल किया ▶▶ शेष पेज 13 पर


मृतक

# देसी गाय ने जन्में चार बछड़े ग्राम कुलीकोटा में जश्न



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

■ वेटनरी एक्सपर्ट्स के मुताबिक यह दुर्लभ घटना, 7 लाख गायों में किसी एक में देखने को मिलता है

बलौदाबाजार के भाठापारा से महज 10 किलोमीटर दूर स्थित गांव कुलीकोटा में एक देसी नस्ल की गाय ने एक साथ चार बच्चों को जन्म दिया है। इसमें दो बछड़े और दो बछिया है, जो कि पूरी तरह से स्वस्थ है। उन्हें देखने के लिए दूर-दूर से लोग पहुंच रहे हैं। कामधेनु यूनिवर्सिटी अंजोरा के वेटनरी डॉक्टर नितिन गड़े ने बताया कि उन्होंने अपने 15 साल के करियर में पहले ऐसा कभी नहीं सुना। हालांकि बताया जाता है कि 7 लाख गायों में किसी एक में चार बच्चे जन्म दिए जाने की संभावना होती है। तीन बच्चे तक जरूर होते हैं, चार बच्चे वाला यह केस रेयरेस्ट है। गाय को गर्भाशय में एक से ज्यादा अंडे बनकर बाहर आने की स्थिति में यह संभव है, लेकिन वेटनरी साइंस में यह रिसर्च का विषय है। उम्मीद है कि स्थानीय पशु विभाग के अधिकारी या डॉक्टर्स जरूर गाय की जांच के लिए जाएंगे।

### गांव में मेला सा माहौल

इधर चार बच्चों के जन्म के बाद से हर दिन गांव में लोग जानकारी लेने पहुंच रहे हैं। गाय ने 13 मार्च को चार बच्चों को जन्म दिया था। इसके बाद गांव में मेले जैसा माहौल रहा। गाय के मालिक ने पूरे गांव को खिचड़ी और खीर-पूरी का प्रसाद भी खिलाया। उसने बताया कि उसकी गाय पहले भी दो बार बच्चे जन्म चुकी है। एक बाच उसने बछड़े को जन्म दिया था, दूसरी बार में एक बछिया और एक बछड़े को जन्म दिया, लेकिन एक-एक महीने में वे चल बसे। फिलहाल उसने चार बच्चों को जन्म दिया है, सभी पूरी तरह से स्वस्थ हैं। गांव में हर दिन मेले जैसा माहौल है।

## खाद्य एवं औषधि प्रशासन की टीम ने जांची पेय पदार्थों की गुणवत्ता, सैंपल लेकर दिए नोटिस

**भाटापारा।** खाद्य एवं औषधि प्रशासन की टीम ने जिले में बिकने वाले पेय पदार्थों की गुणवत्ता जांच की। कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देशानुसार की गई इस कार्रवाई में विभिन्न स्थानों से सैंपल लिए गए और कमियों को सुधारने के लिए नोटिस जारी किए। जांच के दौरान प्रशासनिक टीम ने श्री साईं सेल्स से हिंद पैकेज्ड ड्रिंकिंग वाटर और ब्ल्यू पैकेज्ड ड्रिंकिंग वाटर के सैंपल लिए, जिनकी गुणवत्ता एवं लेबलिंग की जांच की जाएगी। वहीं मेसर्स अवधेश गुप्ता पैकेज्ड ड्रिंकिंग वाटर प्लांट का निरीक्षण कर कमियों को सुधारने निर्देश दिया गया।

# पीएम आवास के लिए छूटे पात्र परिवारों का सर्वेक्षण शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

■ प्रगणक द्वारा आवास प्लस 2 .0 एप के माध्यम से सर्वे शुरू

ग्रामीण विकास मंत्रालय भारत सरकार की महत्वपूर्ण प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण हेतु पात्र परंतु योजना में लाभ से वंचित परिवारों को लाभ पहुंचाने आवास प्लस 2.0 के माध्यम से प्रत्येक ग्राम पंचायतों में सर्वेक्षण का कार्य किया जा रहा है। कलेक्टर दीपक सोनी ने सभी छूटे हुए पात्र परिवारों को प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण का लाभ लेने पंचायत से सम्पर्क कर सर्वे में अपना नाम सम्मिलित कराने की अपील की है।

कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देश एवं सीईओ जिला पंचायत सुश्री दिव्या अग्रवाल के मार्गदर्शन में प्रधानमंत्री आवास योजना–ग्रामीण के तहत जिले में सभी जनपद पंचायतों के ग्राम पंचायतों में सर्वेक्षण के लिए सचिव, रोजगार सहायक एवं आवास मित्र को प्रगणक बनाया गया है। प्रगणक द्वारा आवास ▶▶ शेष पेज 13 पर



## खबर संक्षेप

### प्राकृतिक मड थैरेपी, निःशुल्क चिकित्सा शिविर में 250 मरीजों ने कराया उपचार



**रायपुर।** अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन छत्तीसगढ़ प्रांतीय इकाई द्वारा 19 से 25 मार्च तक रामनाथ भीमसेन सभा भवन समता कालोनी में प्राकृतिक मड थैरेपी से मरीजों का निःशुल्क उपचार करने चिकित्सा शिविर आयोजित है। छत्तीसगढ़ में पहली बार अपनी तरह के इस अनूठे शिविर में 26 प्रकार की जड़ी बूटियों से निर्मित मिट्टी का लेप कर उदयपुर के प्रशिक्षित डॉ. बीडी शर्मा और उनके साथ 15 सदस्यीय टीम सेवा दे रही है। शिविर के दूसरे दिन 250 मरीजों ने शिविर स्थल पहुंचकर निःशुल्क चिकित्सा शिविर का लाभ उठाया। अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन छत्तीसगढ़ इकाई के चेयरमैन कर्तव्य अग्रवाल, प्रचार-प्रसार प्रभारी प्रमोद जैन,प्रदेश अध्यक्ष कृष्ण कुमार अग्रवाल, महामंत्री मुरली अग्रवाल सहित उनकी टीम शिविर स्थल पर व्यवस्था बनाये रखने सहयोग प्रदान कर रही है।

### मुंबई के सिंधी कलाकारों का नाट्य मंचन कल



**रायपुर।** चेट्रीचंड्र के उपलक्ष्य में सामाजिक संस्था 'एक पहल और' द्वारा 22 मार्च को शहीद स्मारक भवन राजबंधा मैदान में मुंबई के सिंधी कलाकारों द्वारा सिंधी नाटक सिंधियत जी खुशबू एवं आई लव यू का नाट्य मंचन किया जाएगा। संस्था के अध्यक्ष सुशील वाधवानी और प्रवक्ता गौरव मंधानी ने बताया कि मुंबई के कलाकारों की टीम द्वारा समाज में बढ़ रही सामाजिक समस्या एवं पारिवारिक समस्या को बहुत ही सुंदर तरीके से नाट्य प्रस्तुति के माध्यम से दिखाया जाएगा।

### दिल्ली में संत साईं जलकुमार मसंद का किया सम्मान



**रायपुर।** रायपुर निवासी सिंधी समाज के प्रख्यात संत साईं जलकुमार मसंद साहिब के दिल्ली पधारने पर पूज्य सिंधी पंचायत झूलेलाल धाम अशोक विहार, भारतीय सिंधु सभा दिल्ली प्रांत, इंडस सिंधु आर्गेनाइजेशन आदि संस्थाओं की ओर से एक विशेष कार्यक्रम आयोजित कर उनका भव्य सम्मान किया गया। इस मौके पर साईं मसंद साहिब ने बताया कि वे परम धर्म संसद की बैठक में शामिल होने दिल्ली पहुंचे थे। साईं मसंद साहिब ने जानकारी देते हुए बताया कि वे आगामी 23 मार्च को अमर शहीद हेमू कालाणी के जन्मदिवस के अवसर पर कानपुर के सिंधु इंटरनेशनल स्कूल में राष्ट्रीय सिंधी भाषा विकास परिषद, शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार एवं हेमू कालाणी मेमोरियल शिक्षण संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में होने वाले कार्यक्रम में विशेष अतिथि के तौर अपना आशीर्वाद देंगे। ।

# पिछली गर्मी में खराब वाटर कूलर सुधरा नहीं तो छात्रों ने विभाग के दफ्तर पहुंचाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि सरोकार

गर्मी का सीजन शुरू हो गया है। ऐसे मौसम में शुद्ध एवं ठंडा पानी की सभी लोगों को जरूरत होती है। यह सुविधा शासकीय कन्या एवं बालक छात्रावास में रहने वाले छात्र-छात्राओं को भी दी जा रही है, लेकिन राजधानी रायपुर के पेंशनबाड़ा में संचालित दो बालक छात्रावास हैं, जहां पिछली गर्मी से खराब पड़े वाटर कूलर को अब तक सुधारा नहीं गया है। इसके कारण इन दोनों छात्रावास में रहने वाले छात्रों को शुद्ध और ठंडा पेयजल भी नहीं मिल पा रहा है। इससे परेशान होकर छात्रों ने गुरुवार को खराब पड़े दोनों वाटर कूलर को छात्रावास से उठाकर कलेक्टोरेट स्थित आदिम जाति विकास विभाग के दफ्तर में छोड़ दिया है। पेंशनबाड़ा स्थित शासकीय आदर्श पोस्ट मैट्रिक अनुसूचित जाति बालक छात्रावास के अध्यक्ष राजपुरोहित सोनवानी ने बताया कि छात्रावास में विभाग द्वारा वाटर कूलर लगाया गया था। इस वाटर कूलर को खराब हुए एक वर्ष से अधिक समय बीत चुका है, जिसके कारण छात्रों को शुद्ध और ठंडा पेयजल भी नहीं मिल पा रहा है। प्री मैट्रिक छात्रावास में भी वाटर कूलर कई महीनों से बिगड़ा पड़ा हुआ है। दोनों वाटर कूलर को ठीक करने के लिए विभाग को आवेदन भी दिए गए हैं, लेकिन अब तक इसे सुधारा नहीं गया है। गर्मी का सीजन शुरू हुए डेढ़ महीने से अधिक समय हो चुका है। इसके बाद भी वाटर कूलर को ना ही सुधारा गया और न ही उसकी जगह नया वाटर कूलर दिया गया है।






**रिप्लेस कर नए वाटर कूलर लगाए जाएंगे**

सुधारने के बाद वाटर कूलर खराब हो गए हैं। इन दोनों को अब रिप्लेस किया जाएगा। इसकी प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। एक-दो दिनों के भीतर नए वाटर कूलर लग जाएंगे।

- **विजय सिंह कंवर**, सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास विभाग रायपुर

### नया वॉटर कूलर दिया जाएगा

उन्होंने कहा कि आवेदन करने के बाद वाटर कूलर को नहीं सुधारे जाने के विरोध में अब समस्त छात्रों ने निर्णय लिया कि इस खराब वाटर कूलर को विभाग को वापस कर देंगे। इस निर्णय के तहत छात्रों ने गुरुवार को दोनों छात्रावास के वाटर कूलर को विभाग के दफ्तर में छोड़ दिया है। इधर इस मामले में विभागीय अधिकारी का कहना है कि वाटर कूलर खराब हुए थे, जिसे आवेदन मिलने के बाद सुधारा गया था, लेकिन अब दोनों फिर खराब हो गए हैं। इन दोनों वाटर कूलर को अब रिप्लेस कर नया वाटर कूलर छात्रावासों को दिए जाएंगे। इसकी प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

**सटोरियों की तैयारी**

- शहर के बाहर अलग-अलग फार्म हाउस में ठिकाना।
- पुराने सभी नंबर बंद।
- होटल में दूसरे के नाम से रूम।
- बड़े बुकी शहर पहले ही छोड़ दिए।
- दुबई के नंबर का उपयोग।

## पुलिस तथा सटोरियों के बीच लुका छिपी का खेल शुरू

# आज से शुरू हो रहे आईपीएल मैच के लिए सटोरियों ने बिछाई बिसात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

चैंपियंस ट्रॉफी मैच के समाप्त होते ही शनिवार से पूरे देश में आईपीएल क्रिकेट प्रतियोगिता का आगाज होने जा रहा है। आईपीएल क्रिकेट प्रतियोगिता में बड़े पैमाने पर सट्टा संचालित होगा। इसे रोकने पुलिस ने अपने स्तर पर तैयारी शुरू कर दी है। इसी के साथ ही सटोरिये पुलिस से बचने सट्टा संचालित करने हाईटेक तरीका अपना रहे हैं। पुलिस से बचने के लिए बुकी हैदराबाद, दिल्ली, मुंबई, गोवा, कोलकाता में अड्डा जमाकर बैठे हुए हैं और वहीं से वे अपने एजेंटों (पंटर) के जरिए दांव लगवाने की तैयारी की है।

महादेव सट्टा एप के खिलाफ पूर्व में की गई कार्रवाई को देखते हुए सटोरिये रायपुर में ज्यादा जोखिम नहीं उठाना चाहते। इसीलिए बड़े बुकी क्रिकेट सट्टा संचालित करने नए एजेंट तलाश कर उनके भरोसे दांव लगवाने की फिराक में हैं। बड़े बुकी पैसों का जोखिम कम करने अपने एजेंटो से एडवांस में रकम हासिल कर उन्हें सट्टा संचालित करने लाइन दे रहे हैं। साथ ही बड़े बुकी अपने एजेंटों को उनसे कम से कम संपर्क रखने की हिदायत दे रहे हैं।

### मैनुअल की जगह इंटरनेट कॉलिंग

सट्टा संचालित करने मोबाइल से मैनुअल कॉल करने पर कॉल ट्रेस होने के साथ ही कॉल रिकार्ड होने का खतरा बना रहता है। इससे बचने सटोरियों ने इंटरनेट कॉलिंग से एक दूसरे के साथ संपर्क करने का तरीका खोजा है। पुलिस को इस बात की जानकारी हाल के दिनों में पकड़े गए सटोरियों से पूछताछ करने पर मिली है। इंटरनेट कॉलिंग के साथ ही सटोरिया वाट्सएप कॉल से एक दूसरे के साथ संपर्क स्थापित करेंगे। सटोरिए सट्टा लेन-देन ऑनलाइन ट्रांजेक्शन से करेंगे।

### एक हजार खाइवालों की सूची तैयार

अफसरों के निर्देश पर क्राइम ब्रांच की टीम ने पूर्व में पकड़े गए खाइवालों की सूची तैयार कर उनकी पड़ताल शुरू कर दी है। पुलिस की अब तक की पड़ताल में ज्यादतर खाइवाल नहीं मिले। साथ ही उनके पुराने नंबर बंद बता रहे हैं। पूर्व में पकड़े गए सटोरिये वर्तमान में कौन सा नंबर इस्तेमाल कर रहे हैं, क्राइम ब्रांच की टीम इस संबंध में जानकारी जुटा रही है।

**कॉल ट्रेस से बचने बड़े सटोरिये दुबई के नंबर तथा वाट्सएप कॉल से कर रहे संपर्क**

IPL 2025
TATA IPL

### कार में घूम-घूम कर खिलाने का ट्रेंड

सट्टा संचालित करने सटोरियों ने पिछले कुछ वर्षों से पैटर्न बदला है। सटोरिये एक जगह बैठकर सट्टा संचालित करने के बजाय कार में घूम-घूमकर सट्टा संचालित कर रहे हैं। इसके साथ ही बड़े होटलों में सट्टा संचालित करने सटोरियों ने अभी से किसी दूसरे व्यक्ति की आईडी से रूम बुक करा लिया है।

### आईडी पासवर्ड और लेन बाई लेन होता है

बड़े-बड़े शहरों में बैठे कई बुकी छोटे-छोटे कस्बों में अपनी लाइनें देते हैं और ये लाइनें अपनी विशेष आईडी पासवर्ड से खुलती हैं। इसी के साथ-साथ नए तरीकों में ये बुकी एप व विशेष वेबसाइटों द्वारा भी इस कारोबार संचालित करते हैं। बड़े शहरों से ये क्रम तथा छोटे शहरों और कस्बों में और छोटे कस्बों से आम सट्टेबाजों तक लाइन बाई लाइन ये धंधा संचालित होता है।

### सटोरियों के खिलाफ पुलिस की तैयारी

- क्राइम की विशेष टीम तैयार की कई है।
- पुराने सटोरियों के नंबर और उनके ठिकाने पर खोज की जा रही।
- दुबई से लौटे सटोरियों पर नजर।
- हाल ही में कितने लोग शहर छोड़कर बाहर गए हैं उनकी जानकारी।
- रायपुर के रहने वाले जो लोग बड़े होटले में किराए से रह रहे हैं उनकी जांच।

**पहले से तैयारी की है**

आईपीएल क्रिकेट मैच में सट्टा पर अंकुश लगाने हमने पहले से तैयारी की है। पुराने सटोरियों की पतासाजी की जा रही है। हाईटेक तरीके से संचालित सट्टा पर अंकुश लगाने साइबर सेल की टीम सट्टा से जुड़ी सभी वेबसाइट की निगरानी करेगी।

**संदीप मित्तल**, एडिशनल एसपी, क्राइम, रायपुर

# पाथवे पर दुकान सजाने वालों का कटेगा बिजली कनेक्शन

## लाइसेंस भी किया जाएगा रद्द

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



- बिरगांव निगम आयुक्त के निर्देश पर अब कार्रवाई की सुगबुगाहट हुई तेज

कई बार हिदायत देने के बाद भी बिरगांव निगम क्षेत्र के व्यापारी लोगों की आवाजाही के लिए बनवाए गए पाथवे ही नहीं, बल्कि सड़क तक दुकानें सजा रहे हैं। इससे आने-जाने वाले लोगों की सुविधा बाधित होने की स्थिति निर्मित हो रही है। इसे देखते हुए बिरगांव निगम आयुक्त के निर्देश पर आवागमन बाधित करने वाले व्यापारियों का लाइसेंस रद्द करने और उनके संस्थानों का बिजली कनेक्शन भी काटने की सुगबुगाहट तेज हो गई है।

बिरगांव निगम आयुक्त युगल किशोर उर्वाशा ने मामले की गंभीरता और कई बार अल्टीमेटम देने के बाद भी जनसामान्य के आवागमन को बाधित करने वाले व्यापारियों के खिलाफ अब सख्त कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। इसे देखते हुए मैदानी अमले ने व्यास तालाब चौक से सिंघानिया चौक उरला, सरोरा से सुभाष चौक, बेंदरी और कन्हेरा जाने वाले मुख्य मार्ग तक अव्यवस्था फैलाने वालों का सर्वे कर लिया है। औद्योगिक क्षेत्र से घिरे निगम के मुख्य मार्गों से फैक्ट्रियों में काम करने वाले कर्मचारियों का आना-जाना होता है। इस स्थिति को देखते हुए भी मार्ग के दोनों छोर पर दुकानदारी करने वाले व्यापारियों द्वारा अपनी सामग्री को लावारिस हालत में बाहर प्रदर्शित किया जा रहा है। कई बार हिदायत देने और बंदिश लगाने के साथ ही सामग्री जप्त करके जुर्माना लगाने पर भी व्यापारी नहीं मान रहे हैं।

### मालिकों के खिलाफ होगी सख्ती

निगम आयुक्त ने ऐसे 100 से भी ज्यादा व्यापारियों के खिलाफ अब सख्ती का रास्ता अपनाने का मन बना लिया है। इनके संस्थानों का विद्युत कनेक्शन काटने के साथ ही लाइसेंस निरस्त और दुकान शील करने की तैयारी में है। सड़क तक सामान सजाने और आवागमन बाधित करने वालों के खिलाफ अब निगम अधिनियम कि धारा 322, 248, एवं आईपीसी के तहत प्रकरण दर्ज करने न्यायालय में वाद दायर करने का भी निर्देश किया है।

# दो वर्ष पूर्व ठगी की शिकायत पुलिस ने अब दर्ज किया 14 लोगों के खिलाफ अपराध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- 56 हजार वर्गफीट जमीन बेचने साढ़े सात करोड़ में सौदा कर चार करोड़ 21 लाख एडवांस ले चुके

पुरानी बस्ती थाने में बिरगांव के एक व्यक्ति ने दो वर्ष पूर्व जमीन बेचने के नाम पर ठगी करने की शिकायत दर्ज कराई थी। पीड़ित की शिकायत पर जांच के बाद पुलिस ने 14 लोगों के खिलाफ ठगी की रिपोर्ट दर्ज की है। पीड़ित ने आरोप लगाया है कि उसने प्रोफेसर कालोनी में 56 हजार वर्गफीट जमीन खरीदने का सात करोड़ 47 लाख 60 हजार रुपए में सौदा किया था। साथ ही वह जमीन बेचने के एवज में चार करोड़ 21 लाख रुपए एडवांस दे चुका है। एडवांस लेने वाले जमीन रजिस्ट्री कराने के बजाय जमीन बेचने से इनकार तो किया ही, साथ ही एडवांस रुपए लौटाने से इनकार कर दिया।

उरकुरा निवासी पतिराम साहू की शिकायत पर पुलिस ने पुरानी बस्ती, महामाईपारा निवासी सुपेता मटियारा, विजय सपहा, बृजलाल, राकेश, दीपक, कमला बाई, दसरी बाई, मुटन बाई, हीरा बाई, लक्ष्मिन बाई, ममता, करुणा, शकुन एवं सरस्वती बाई के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। पतिराम ने पुलिस को बताया है कि उसने संबंधित लोगों से जमीन खरीदने इकरारनामा करने के बाद उन्हें वर्ष 2019 से वर्ष 2023 के बीच मकान बनवाने से लेकर मोबाइल खरीदने तथा अन्य कार्यों के लिए चार करोड़ 21 लाख रुपए एडवांस दे चुका है। पतिराम ने जिन लोगों से जमीन खरीदने सौदा किया था, उस जमीन को अन्य लोगों को बेचने पैसे एडवांस लेकर जमीन मालिकों को दिया था।

### लोककर्म विभाग के अध्यक्ष दीपक ने किया पदभार ग्रहण



**रायपुर।** गांधी सदन में गुरुवार को लोककर्म विभाग के अध्यक्ष और शहीद चूड़ामणि नायक वार्ड के पार्षद दीपक जायसवाल ने गणेश जी की पूजा अर्चना कर शंख ध्वनि के बीच पदभार ग्रहण किया। वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विधि-विधान से पूजा अर्चना आचार्य जनों की उपस्थिति में कराई गई। इस मौके पर श्री जायवाल को बधाई देने वालों में महापौर मीनल चौबे, सभापति सूर्यकांत राठौर, शहर जिला भाजपा अध्यक्ष रमेश सिंह ठाकुर, पूर्व नेता प्रतिपक्ष सुभाष तिवारी, अपर आयुक्त विनोद पांडे, मुख्य अभियंता यूके धलेंद्र, अधीक्षण अभियंता राजेश राठौर, संजय बागड़े, कार्यपालन अभियंता अंशुल शर्मा, सहित निगम के अधिकारी, कर्मचारी और सामाजिक कार्यकर्ता वार्डवासी उपस्थित रहे।

# प्रापर्टी की जानकारी लेने गए ईओडब्लू के अफसरों से कवासी बोले- ईडी को सौंप चुका हूं दस्तावेज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर




- दो घंटे की पूछताछ के बाद ईओडब्लू, एसीबी के अफसर जेल से लौटे

दो हजार करोड़ रुपए से ज्यादा के शराब घोटाले में जेल में बंद पूर्व आबकारी मंत्री कवासी लखमा से ईओडब्लू तथा एसीबी के अफसर दूसरे दिन गुरुवार को पूछताछ करने रायपुर सेंट्रल जेल पहुंचे। जेल में कवासी लखमा से दो घंटे की पूछताछ के बाद अफसर लौट आए। एक डीएसपी तथा एक टीआई रैंक के अफसर पूर्व आबकारी मंत्री से पूछताछ करने दोपहर 12 बजे के करीब जेल पहुंचे थे। जांच एजेंसी के अफसरों ने कवासी लखमा से एक बंद कमरे में उनकी संपत्ति के बारे में पूछताछ की। इस पर कवासी लखमा ने कहा कि जो बातें वे पूछ रहे हैं, वही बातें पूर्व में ईडी के अफसर उनसे पूछताछ कर चुके हैं। संपत्ति का ब्योरा मांगे जाने पर कवासी लखमा ने कहा कि उनके पास जो प्रापर्टी के दस्तावेज हैं, वो सभी दस्तावेज ईडी के अफसर अपने साथ ले गए हैं। पूर्व आबकारी मंत्री ने प्रापर्टी का ब्योरा लेने जांच एजेंसी के अफसरों को ईडी से संपर्क करने के लिए कहा।

*झल्लाते हुए कहा- जेब में जानकारी लेकर नहीं चलता :* *ईओडब्लू के अफसर कवासी लखमा से उनकी प्रापर्टी से संबंधित जानकारी लेने अलग-अलग एंगल से पूछताछ कर रहे थे। इस पर कवासी लखमा बुरी तरह से झल्ला गए और अफसरों से कहा कि क्या वे प्रापर्टी के दस्तावेज जेब में लेकर घूम रहे हैं, जिनकी मैं हर समय जानकारी रखूंगा। लखमा ने फिर से एक बार खुद पर लगे भ्रष्टाचार के सभी आरोपों को इनकार किया।*

# एक साल पहले हुई इंजीनियर भर्ती परीक्षा के नतीजे अटके, संग हुए जेई के रिजल्ट जारी!

- 2023 में निकला था विज्ञापन, 3 मार्च 2024 को हुई थी परीक्षा
- कनिष्ठ अभियंताओं की ज्वॉइनिंग भी, राह ताक रहे सहायक अभियंता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश में भर्ती परीक्षाओं का हाल बेहाल है। पीएससी में हुए घोटालों के बाद व्यापम की लेट-लतीफी से भी परीक्षार्थी जूझ रहे हैं। स्थिति यह है कि एक साथ हुई भर्ती परीक्षाओं मे एक के परिणाम जारी कर दिए गए हैं तो दूसरी परीक्षा के परिणामों के लिए इंतजार करना पड़ रहा है। मामला इंजीनियरिंग भर्ती परीक्षा का है। व्यापम द्वारा स्टेट पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड के लिए भर्ती परीक्षा आयोजित की गई थी। भर्ती परीक्षा के तहत कनिष्ठ अभियंता इलेक्ट्रिकल, मैकेनिकल, सिविल, इलेक्ट्रॉनिक्स व सहायक अभियंता इलेक्ट्रिकल के रिक्त पदों की पूर्ति के लिए 3 मार्च को भर्ती परीक्षा ली गई। सहायक अभियंता भर्ती परीक्षा के रिजल्ट में देरी के कारण बेरोजगारों की समस्या। सहायक अभियंता भर्ती परीक्षा का रिजल्ट अभी तक घोषित नहीं किया गया है। जबकि साथ हुए कनिष्ठ अभियंता की परीक्षा का परिणाम जारी हो गया है।

*दो साल से चल रही प्रक्रिया :* *छग स्टेट पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड अर्थात सीएसपीटीसीएल के लिए जारी भर्ती परीक्षा पिछले दो सालों से चल रही है। सर्वप्रथम इसके लिए 15 सितंबर 2023 को विज्ञापन जारी किए गए। इसके पश्चात 2023 में ही दिसंबर माह में आवेदन मांगे गए। अगले वर्ष 3 मार्च 2024 को दो पालियों में परीक्षा हुई और तब से लेकर अब तक कैंडिडेट्स परिणाम का इंतजार कर रहे हैं। अभ्यर्थियों का कहना है कि बेरोजगार युवाओं की उम्र दिनों-दिन बढ़ती जा रही है, और उनके पास नौकरी के अवसर कम होते जा रहे हैं। उन्होंने प्रशासन से मांग करते हुए आवश्यक कदम उठाने आग्रह किया है।*

## 1.55 घंटे रायपुर में रहेंगी, विधानसभा में 55 मिनट का कार्यक्रम

# राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 24 को आएंगी, दौरा कार्यक्रम जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का छत्तीसगढ़ दौरे के संबंध में राष्ट्रपति भवन से मिनट-टू-मिनट कार्यक्रम जारी किया गया है। वे 24 मार्च को रायपुर आएंगी। यहां उनका दौरा 1.55 घंटा रहेगा। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू भारतीय वायु सेना के विमान से रायपुर एयरपोर्ट पहुंचेंगी। एयरपोर्ट पर राज्यपाल, मुख्यमंत्री, विधानसभा अध्यक्ष और अन्य गणमान्य उनकी अगवानी करेंगे। उसके बाद वे सड़क मार्ग से विधानसभा के लिए रवाना हो जाएंगी। आईपीएस सूरज परिहार को राष्ट्रपति का एस्कार्ट आफिसर बनाया गया है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का मिनट-टू-मिनट कार्यक्रम इस प्रकार है- सुबह 8.30 बजे राष्ट्रपति भवन से रवाना होकर 8.45 बजे पालम हवाई अड्डा पहुंचेंगगी। 8.55 बजे पालम हवाई अड्डा से रायपुर रवाना होकर 10.35 बजे स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट रायपुर पहुंचेंगी। 10.45 बजे स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट रायपुर से विधानसभा के लिए रवाना होंगी। 11.05 बजे छत्तीसगढ़ विधानसभा पहुंचेंगी। 11.05 से 11.15 तक का समय आरक्षित। 11.15 से 12 तक पौधारोपण, विधायकों के साथ ग्रुप फोटो और विधायकों को संबोधन। 12 बजे विधानसभा से एयरपोर्ट के लिए रवाना होंगी। 12.20 बजे स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट पहुंचेंगी। 12.30 बजे स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट से भारतीय वायु सेना के विमान से दिल्ली रवाना होंगी।

### रायपुर आईजी के नेतृत्व में टीम

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की सुरक्षा के लिए रायपुर रेंज आईजी अमरेश मिश्रा को संपूर्ण व्यवस्था प्रभारी बनाया गया है। रायपुर के एसएसपी लाल उमेद सिंह उन्हें सहयोग करेंगे। डीआईजी संतोष सिंह विमानतल की व्यवस्था संभालेंगे। सम्पूर्ण व्यवस्था के प्रभारी सहायतार्थ- अमरेश मिश्रा, पुलिस महानिरीक्षक होंगे।

### सुरक्षा में तैनात रहेंगे ये अधिकारी

अन्य अधिकारियों में डॉ० लाल उमेद सिंह, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, रायपुर, संतोष सिंह, डीआईजी, सूरज सिंह परिहार, सेनानी, 14वीं वाहिनी, छसबल बालोद, मेघा टेम्भुरकर, सेनानी, 3 री वाहिनी, छसबल अमलेश्वर, विशेलाल साहू, सहायक सेनानी, व्हीआईपी सुरक्षा वाहिनी, माना, सचिन्द्र चौबे, पुलिस अधीक्षक, पीटीएस मैनपाट, सरगुजा, प्रशांत कतलम, सेनानी, 10वीं वाहिनी, छसबल सूरजपुर, धनेन्द्र ध्रुव, उप पुलिस अधीक्षक, महासमुंद, संजय साहू, उप पुलिस अधीक्षक, मुंगेली, संतोष जैन, उप पुलिस अधीक्षक, जगदलपुर, जेआर ठाकुर, सेनानी, 22वीं वाहिनी, छसबल कांकेर, प्रज्ञा मेश्राम, उप सेनानी, 7वीं वाहिनी, छसबल भिलाई, विजय तिर्की, सहायक सेनानी, उरी वाहिनी, छसबल अमलेश्वर, लक्ष्य शर्मा, सेनानी, 5वीं वाहिनी, छसबल जगदलपुर, गोपीचंद मेश्राम, उप सेनानी, 12वीं वाहिनी, छसबल रामानुजगंज, मीता पवार, उप सेनानी, 7वीं वाहिनी, छसबल भिलाई, लोकेश्वर शांडिल्य, सहायक सेनानी, 12वीं वाहिनी, रामानुजगंज, संतोष झारिया, सहायक सेनानी, एपीटीएस बोरगांव, सुदर्शन बड़ा, सहायक सेनानी, 19वीं वाहिनी, छसबल जगदलपुर, विनोद मिंज, उप पुलिस अधीक्षक, अजाक, दुर्ग, अरविंद कुमार खलखो, उप पुलिस अधीक्षक, नारायणपुर, मीरा अग्रवाल, सहायक सेनानी, उरी वाहिनी, छसबल अमलेश्वर, देवकांत वर्मा, सहायक सेनानी, 21वीं वाहिनी, छसबल बालोद शामिल हैं।

# सतीश ने अध्यक्ष पद के लिए किया नामांकन दाखिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कामर्स एंड इंडस्ट्रीज के त्रैवार्षिक चुनाव के लिए नाम निर्देशन पत्र जमा करने का गुरुवार को अंतिम दिन रहा। इस दिन प्रदेश अध्यक्ष पद के लिए जय व्यापार पैनल और व्यापार एकता पैनल के संयुक्त प्रत्याशी सतीश थौरानी ने अपना नामांकन दाखिल किया। चैंबर भवन में इस अवसर पर पूर्व विधायक श्रीचंद सुंदरानी, अजय भसीन, योगेश अग्रवाल, ललित जैसिंघ, राजेश वासवानी, गार्गीशंकर मिश्रा, राधाकृष्ण सुंदरानी, विनय बजाज, अनिल जोतसिंघानी, सचिन मेघानी, अशोक मलानी उपस्थित थे।

नामांकन जमा करने के अंतिम दिन 75 नाम निर्देशन पत्र जमा हुये। जिनमें प्रदेश अध्यक्ष पद के लिए 2, प्रदेश महामंत्री पद के लिए 1, प्रदेश कोषाध्यक्ष पद के लिए 1 तथा जिला उपाध्यक्ष पद के लिए 36 एवं जिला मंत्री पद के लिए 35 नाम निर्देशन पत्र जमा हुए। 22 मार्च को नाम निर्देशन पत्रों की सूक्ष्म जांच के बाद प्रत्याशियों की सूची का प्रकाशन किया जाएगा। इसके बाद 24 मार्च 2025 को नाम निर्देशन पत्रों पर आपत्तियों का निराकरण प्रातः 11:00 से 2:00 तक किया जाएगा । वैध प्रत्याशियों की सूची का प्रकाशन शाम 6:00 बजे किया जाएगा। नाम निर्देशन पत्रों की वापसी की अंतिम तिथि 26 मार्च को -दोपहर 3:00 बजे से शाम 6:00 बजे तक निर्धारित है। नाम निर्देशन जमा करने बांबे मार्केट स्थित चैंबर भवन सभागार में व्यवस्था बनाई गई है। इस अवसर पर मुख्य निर्वाचन अधिकारी शिवराज भंसाली, निर्वाचन अधिकारी- प्रकाशचंद गोलछा, बालकृष्ण दानी, केसी माहेश्वरी, रमेश गांधी, महावीर तालेड़ा, अनिल जैन, संजय देशमुख, संजय जोशी, अमित वर्मा, मनोज शर्मा, मुख्य निर्वाचन नियंत्रक एचएस कर, एवं चैंबर चुनाव कार्यालय प्रभारी एसएम रावते प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

**खबर संक्षेप**

### धोबी तालाब का गहरीकरण और सौंदर्यीकरण होगा

**बलौदाबाजार।** नगर में विकास कार्यों को गति प्रदान करते हुए स्थानीय वार्ड 5 स्थित धोबी तालाब के गहरीकरण एवं सौंदर्यीकरण कार्य का नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन एवं वार्ड पार्षद रोहित साहू ने पूजा अर्चना कर कार्य का शुभारंभ कराया गया। वार्ड के निस्तारी तालाब के इस कार्य में लगभग 95 लाख रूपये की लागत से कार्य किया जाना प्रस्तावित है। कार्य के प्रारंभ होने से वार्डवासियों में हर्श व्याप्त है, व सभी ने वर्तमान नवनिर्वाचित अध्यक्ष अशौक जैन सहित पार्शदगणों के प्रति हृदय से आभार व्यक्त करते हुए कार्य प्रारंभ पर सराहना व्यक्त की गई। वार्ड में स्थित उक्त तालाब के गहरीकरण एवं सौंदर्यीकरण कार्य के भूमिपूजन के अवसर पर मुख्य नगर पालिका अधिकारी खिरोद्र भोई, उपअभियंता विनोद यादव सहित वार्ड के निवासी उपस्थित थे। इस अवसर पर योगेश अग्रवाल, रमाशंकर सोनी, मयाराम पाल, संतोष देवांगन, राजेश सोनी, मोहन साहू, रूद्रकुमार चंद्रवंशी, देवेश साहू, अलोक निषाद, मोहन साहू–ठेकेदार, हरीशचंद्र साहू, दिलीप पांजा, कमलेश साहू, गोपाल साहू, ललित साहू, ठेकेदार–महेश गुप्ता, धर्मेन्द्र देवांगन, निशांत केशरवानी, जयंत, गुरूदत्त तिवारी सहित अन्य नागरिक उपस्थित थे।

### किराना दुकान के सामने से बाइक चोरी

**महासमुंद।** खल्लारी में एक किराना दुकान के सामने से बाइक चोरी हो गई। पुलिस को खल्लारी पुलिस को कृष्ण कुमार साहू निवासी ग्राम सिंघी ने बताया कि वह 19 मार्च को सामान खरीदने के लिए अपने मोटर सायकल से खल्लारी आया था। शाम करीबन 6.30 बजे अपनी बाइक सीजी 06 जीएच 8809 को गुप्ता किराना स्टोर्स के सामने खड़ी कर लॉक किया और गुप्ता किराना स्टोर्स वाले मनहरण गुप्ता के घर में बैठा था। शाम करीबन 7.30 बजे घर से निकलकर देखा बाइक वहां नहीं थी। मामले में पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 303(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया है।

# पारदर्शी चुनाव के लिए राजनीतिक दल के प्रतिनिधियों ने दिये सुझाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर दीपक सोनी की अध्यक्षता में शुक्रवार को संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के जनप्रतिनिधियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों द्वारा सुझाव साझा किये गए, जिससे स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं पारदर्शी निर्वाचन सम्पन्न कराया जा सके। कलेक्टर दीपक सोनी ने बताया कि जिले में 4 विधानसभा क्षेत्र बिलाईगढ़, कसडोल, बलौदाबाजार एवं भाटापारा हैं। कुल 1014 मतदान केंद्र एवं मतदाताओं की संख्या 954702 है, जिसमें 191644 पुरुष एवं 193748 महिला शामिल हैं। उन्होंने बताया कि निर्वाचन के निर्देशानुसार मतदाता सूची में अद्यतन हेतु पुनरीक्षण की कार्यवाही की जाती है, जिसमें नाम जोड़ने एवं विलोपन सहित अन्य कार्यवाही भी शामिल हैं। बैठक में भाजपा के प्रतिनिधि विजय केशरवानी ने मतदाता की मृत्यु होने पर मतदाता सूची से नाम विलोपन की प्रक्रिया में पारदर्शिता के लिए नगरीय निकाय से मृत्यु प्रमाण पत्र बनने पर सम्बंधित बीएलओ मृत्यु प्रमाण पत्र संकलित कर ईआरओ के पास जमा कराए और ईआरओ द्वारा मतदाता सूची से विलोपन की कार्यवाही करने के सुझाव दिये।

**जिला निर्वाचन अधिकारी की अध्यक्षता में राजनीतिक दलों की हुई बैठक**



#### मतदान केंद्रों की संख्या बढ़ाने सुझाव

संयंत्र में काम करने वाले मतदाताओं के स्थानांतरण होने के बाद भी स्थानीय मतदाता सूची से नाम स्थानंतरित नहीं होने की समस्या के समाधान के लिए संबंधित संयन्त्र के अधिकारी से जानकारी लेकर विलोपन की कार्यवाही कराने का सुझाव दिये। कांग्रेस पार्टी के प्रतिनिधि हितेंद्र ठाकुर ने मतदान केंद्रों की संख्या बढ़ाने तथा प्रत्येक गांव में मतदान केंद्र बनाने का सुझाव दिए। इसी तरह राजनीतक दल के प्रतिनिधियों ने ईव्हीएम से वोटिंग में कम से कम 10 मतदान केंद्रों के व्हीव्हीपैट की पर्ची मिलान का सुझाव दिया। कलेक्टर ने राजनीतिक दल के प्रतिनिधियों से लिखित में भी सुझाव लेने तथा उन सुझावों को संकलित कर भारत निर्वाचन आयोग को प्रेषित करने के निर्देश उप जिला निर्वाचन अधिकारी को दिये। बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी अतुल शेट्टे, भाजपा, कांग्रेस, आम आदमी पार्टी एवं बहुजन समाज पार्टी के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

## बच्चों को परोसा जाने वाला मध्याह्न भोजन पर ग्रामीण उठा रहे सवाल

# मध्यान्ह भोजन : थाली से दाल पापड़ और सलाद गायब, तीन महीने से केवल चावल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुहेला

प्राथमिक शाला रावन में बच्चों को दी जाने वाले मध्याह्न भोजन योजना पर सवाल उठने लगे हैं। यहां बच्चों को लगभग तीन महीने से केवल चावल और सब्जी दी जा रही है, जबकि इस योजना का उद्देश्य बच्चों के स्वस्थ पोषण को बढ़ावा देना और उनकी कुपोषण से रक्षा करना है। बच्चों ने शिकायत की है कि उन्हें दाल, पापड़, आचार और सलाद नहीं मिल रहा है, जो इस योजना का एक महत्वपूर्ण हिस्सा होना चाहिए।

कक्षा 1 से 5 तक के बच्चों ने इस समस्या को उजागर करते हुए कहा कि उन्हें दाल, पापड़ और आचार की कमी महसूस हो रही है। बच्चों का कहना है कि यह तीन महीनों से लगातार हो रहा है, जिससे उनका पोषण प्रभावित हो रहा है। बुधवार को 5 बच्चों के लिए बच्चों को केवल चावल और सब्जी बनाई गई।

प्राथमिक शाला रावन में कुल 8 छात्र हैं, जिनमें कक्षा पहली में 0, दूसरी में 2 तीसरी में 1, चौथी में 4 और पांचवीं में 1 छात्र शामिल हैं। स्कूल में दो शिक्षक नियुक्त हैं। इस प्रकार की स्थिति में बच्चों का कहना है कि उन्हें सही पोषण और मध्याह्न भोजन में विविधता की आवश्यकता है।

चिंता का विषय यह है कि यदि बच्चों को उचित पोषण नहीं मिलेगा, तो उनकी पढ़ाई और स्वास्थ्य पर प्रतिकूल असर पड़ सकता है, जैसा कि इस योजना का उद्देश्य है। इस पर स्कूल प्रशासन और संबंधित विभागों को शीघ्र ध्यान देने की आवश्यकता है।

यह खबर बच्चों की मांग और स्थिति को प्रमुखता से सामने रखती है, ताकि उन्हें बेहतर पोषण मिल सके और उनका शैक्षिक जीवन प्रभावित न हो।






#### 8 बच्चे दो शिक्षक, इसमें तीन बच्चे अनुपस्थित

शासकीय प्राथमिक शाला रावन के प्रधान पाठक मनराखन लाल ध्रुव ने बताया हमारे स्कूल में बच्चों को कुल संख्या 8 है, जिसमें उपस्थित 5 है। शिक्षकों की संख्या दो है, जिसमें एक हीरालाल आज छुट्टी में है, आज बच्चों के लिए आलू भाटा बनाया जा रहा है। बच्चे दर्ज संख्या कम होने के कारण दाल नहीं दी जा रही है। पापड़, आचार तो नहीं दिया जा रहा है। पैसे की कमी कारण शासन का जो पैसा आता है उसे पुटअप नहीं कर पा रहे हैं। समूह वाले लोग समस्या के निराकरण के लिए उच्च अधिकारी को जानकारी अभी तक नहीं दिए हैं।

#### जांच का विषय है

जांच का विषय है अभी तक तो कोई शिकायत आई नहीं है। देखना पड़ेगा, दिखवाना पड़ेगा, सीएससी को बोलेंगे इसके लिए। पैसा दिसंबर तक का आया है, जनवरी का वेतन नहीं डल पा रहा है। हमारे सॉफ्टवेयर में नहीं डल पा रहा है, दो-चार दिन में डल जाएगा।

**-डी एस ठाकुर,** प्रभारी बीईओ, सिमगा

#### तीन महीने से पैसा नहीं आया

रसोइया दूरपत यादव ने बताया कि 5 बच्चों के लिए खाना बनाई हूं, चावल, मटर, आलू, भाटा की सब्जी बनाई हूं, दाल नहीं बनी है, बच्चे कम है इसलिए, आचार कभी कभी देती हूं। हम लोगों का पैसा समय पर नहीं आ रहा है 3 महीने से पैसा नहीं आया है।

## सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल में पंजीकृत श्रमिक कराये नवीनीकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल के गठन से 60 प्रकार के प्रवर्गों में जैसे रेजा–कुली, राजमिस्त्री, पलम्बर, इलेक्ट्रीशियन, बढ़ई आदि प्रवर्गों में निर्माण श्रमिकों का पंजीयन किया जाकर उन्हें जन्म से लेकर मृत्यु तक के लिए योजनाएं संचालित कर लाभान्वित किया जा रहा हैं। पूर्व में ऐसे श्रमिक जिनके द्वारा वैधता समाप्त होने के पश्चात तथा समायावधि के भीतर नवीनीकरण के लिए आवेदन प्रस्तुत नहीं कर पाये थे, उन्हें 31 जनवरी तक आवेदन प्रस्तुत करने की छूट प्रदाय की गई थी। पुनः ऐसे श्रमिक जिनके द्वारा नवीनीकरण हेतु आवेदन प्रस्तुत नहीं किया हैं, उन्हें 31 मार्च तक आवेदन प्रस्तुत करने की छूट प्रदाय की गई है। वर्तमान में एक बार पंजीयन होने के पश्चात पंजीयन अवधि 5 वर्ष तक वैध होता हैं, उसके बाद पंजीयन का नवीनीकरण कराया जाना प्रावधानित हैं।

■ 31 जनवरी तक आवेदन प्रस्तुत करने की छूट

पंजीयन नवीनीकरण के लिए हितग्राही वैधता समाप्त होने एक वर्ष के भीतर आवेदन कर सकता हैं। ऐसा नहीं करने पर पंजीयन रद्द माना जाता हैं। ऐसे पंजीकृत श्रमिक जिनके पंजीयन की वैधता समाप्त हुए 1 वर्ष या उससे अधिक हो चुका है तथा उनके द्वारा पंजीयन नवीनीकरण के लिए आवेदन प्रस्तुत नहीं किया हैं, ऐसे निर्माण श्रमिक 31 मार्च तक नवीनीकरण के लिए श्रम कार्यालय, श्रमेव जयते मोबाईल एप्प, मुख्यमंत्री श्रम संसाधन केन्द्रों, विभागीय वेबसाईट श्रमेव जयते एवं च्वाईस सेंटर के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं।

## कॉलेज में मनाया गया विश्व गौरैया दिवस

**भाटापारा।** जीएनए कॉलेज में विश्व गौरैया दिवस का आयोजन शासकीय गजानंद अग्रवाल स्नातकोत्तर महाविद्यालय भाटापारा में संस्था प्रमुख डॉ. आनंद कुमार मिंज के मार्गदर्शन में प्राणीशास्त्र विभाग द्वारा किया गया। इसमें पेंटिंग प्रतियोगिता तथा गौरैया संरक्षण पर प्रोजेक्ट कार्य की प्रदर्शनी लगाई गई। इस अवसर प्राचार्य एवं प्राणीशास्त्र विभागाध्यक्ष रेखा कश्यप सहित अन्य प्राध्यापकों ने अपने विचार रखें। कार्यक्रम में विद्यार्थियों उत्साह पूर्वक भाग लिया। पेंटिंग प्रतियोगिता में प्रथम स्थान हिमान्शी ध्रुव, द्वितीय स्थान ट्विंकल साहू, तृतीय स्थान निधि केशरवानी एवं प्रोजेक्ट प्रदर्शनी में प्रथम स्थान संगीता वर्मा, द्वितीय पूनम, तृतीय स्थान यामिनी यादव ने प्राप्त किया।विश्व गौरैया दिवस मनाने का उद्देश्य गौरैया पक्षी का संरक्षण एवं संवर्धन के लिए लोगों को जागरूक करना है। इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापकगण, अतिथि व्याख्याता एवं कर्मचारी उपस्थित थे।



## नगर में विकास कार्यों के लिए कलेक्टर से मिले जनप्रतिनिधि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी

नगर पंचायत के नवनिर्वाचित अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं पार्षदों ने अध्यक्ष गोपी साहू के नेतृत्व में कलेक्टर दीपक सोनी से सौजन्य मुलाकात कर नगर विकास के लिए चर्चा किये।

नवनिर्वाचित अध्यक्ष गोपी साहू ने कहा कि जनता ने हम पर विश्वास किया है, हम सभी मिलकर उनकी समस्याओं का समाधान करेंगे और विकास कर नगर का नाम रौशन करेंगे। कलेक्टर दीपक सोनी ने कहा कि विकास का तात्पर्य केवल निर्माण कार्यों से नहीं है, हम निर्माण कार्यों के साथ–साथ शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यटन आदि क्षेत्रों में मिलकर काम करेंगे। उक्त अवसर पर नगर पंचायत उपाध्यक्ष पिंटू वर्मा, पार्षद लेखु वर्मा, नारायण धीवर, नेमसिंह बांधे, पार्षद प्रतिनिधि घनश्याम धीरहे, कुमार धीवर, हर्षू वर्मा, सौरभ वर्मा उपस्थित थे।



## जिपं अध्यक्ष बनने पर नवीन का नगर में हुआ जोशीला स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

जिला पंचायत रायपुर के अध्यक्ष पद के लिए चुनाव में नवीन अग्रवाल ने कांग्रेस समर्पित वतन चन्द्राकर को 2 वोट से पराजित करते हुए विजयी होने की जानकारी लगते ही खरोरा क्षेत्रवासियों में हर्ष व्याप्त है। जिला पंचायत अध्यक्ष बनने के पश्चात नवीन अग्रवाल के देर रात खरोरा आगमन पर जोरदार आतिशबाजी स्वागत किया गया। खरोरा पहुंचने पर श्री अग्रवाल ने पं. दीनदयाल चौक में पं. दीनदयाल की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इस अवसर पर उन्होंने अपनी जीत का श्रेय पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ-साथ भाजपा के शीर्ष नेताओं को दिया। नवीन अग्रवाल पूर्व में रायपुर जिला पंचायत उपाध्यक्ष रह चुके हैं। इस अवसर पर प्रमुख रूप से राजीव अग्रवाल, अनिल सोनी, नरेंद्र, डॉ. अमीन खान, तोरण ठाकुर, विकास ठाकुर, सुमित सेन, छगन यादव, पप्पू पुरैना, डॉ.अमीन खान, रामनिवास अग्रवाल, दीपक धनकर, कमलेश अग्रवाल, सूरज सोनी, रमेश शर्मा, श्रवण भाई आदि शामिल थे।



### नपां अध्यक्ष ने वृद्धाश्रम व अस्पताल में बांटे फल

बलौदाबाजार। नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन द्वारा अपनी धर्मपत्नी स्व. अंजू जैन पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष की स्मृति में पुत्र अक्षय जैन एवं पुत्रवधु खुशबू जैन के साथ स्थानीय वृद्धाश्रम व शासकीय चिकित्सालय में वृद्धजनों को बिस्किट, जूस एवं फलों का वितरण किया गया। इस दौरान वृद्धजनों से मुलाकात करते हुए नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन ने उनका कुशलक्षेम पूछा। वृद्धाश्रम में फल एवं बिस्किट वितरण के दौरान वार्डवासियों से वार्ड में सफाई कार्य पेजयल की व्यवस्था सहित अन्य विषयों पर चर्चा करते हुए वार्ड भ्रमण किया गया। इस दौरान भाजपा नेता राहुल सोनी, गुरूदत्त तिवारी सहित अन्य वार्डवासी उपस्थित थे।



### भालूकोना परीक्षा केंद्र पहुंचे डीईओ

**लवन।** राज्य में 10वीं बोर्ड परीक्षा के अंतिम दिवस शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भालुकोना में जिला शिक्षा अधिकारी निरीक्षण करने पहुंचे, जहां कक्षा दसवीं में कुल परीक्षार्थियों की संख्या 139 हैं जिसमें 130 परीक्षा में सम्मिलित हुए। जबकि 9 छात्र अनुपस्थित रहे। विद्यालय में परीक्षा शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हुई। प्राचार्य सुरेश साहू ने बताया कि अंतिम दिवस संस्कृत विषय की परीक्षा हुई, जिसमें कोई भी नकल प्रकरण नहीं बना। जिला शिक्षा अधिकारी के रूप में राजेंद्र टंडन ने विद्यालय का निरीक्षण किया। केंद्र अध्यक्ष हरिराम साहू एवं प्राचार्य सुरेश साहू उपस्थित रहे।



## पेज 11 के शेष

### ट्रैक्टर से कुचलकर ...

कि मृतक दयाराम जायसवाल को ट्रैक्टर से रौंदकर और लाठी से मारना तथा लाठी और खून लगे कपड़ा को घुरवा में छुपाना बताए।

उनके बताए हुए स्थान से खून लगा कपड़ा और लाठी जब्त कर तथा ट्रैक्टर को आंगन में रखे थे, जहां से जब्त कर आरोपीगण द्वारा अपराध कबूल करने पर उसके खिलाफ अपराध धारा 120 B, 302 सहपाठित धारा 34, 201 भादवि के तहत गिरफ्तार कर विवेचना पूर्ण होने पर पिछले वर्ष 10 जून को न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम क्षेणी कसडोल के न्यायालय में अभियोग पत्र प्रस्तुत किए, जिसे सुनवाई के लिए सत्र न्यायालय बलौदाबाजार को प्राप्त हुआ है।

इसमें अभियोजन पक्ष के द्वारा प्रकरण के समर्थन में 17 साक्षियों का कथन न्यायालय में कराया है, जिसमें बचाव पक्ष के अधिवक्ता एवं अभियोजन पक्ष के अधिवक्ता के अंतिम तर्क के समय लोक अभियोजक थानेश्वर वर्मा द्वारा तर्क प्रस्तुत किए, दलील दिए, जिससे सहमत होते हुए एवं साक्षियों द्वारा घटना को प्रमाणित करने से सत्र न्यायाधीश बलौदाबाजार अब्दुल जाहिद कुरैशी द्वारा निर्णय पारित करते हुए 18 मार्च को आरोपीगण रामसागर जायसवाल और संजू जायसवाल को दोषसिद्ध पाते हुए धारा 302 सहपाठित धारा 34 में दोनों आरोपीगण को आजीवन कारावास की सजा तथा 10-10 हजार अर्थ दण्ड से दंडित किया है और अर्थ दण्ड की राशि जमा नहीं करने पर 6-6 अतिरिक्त कारावास की सजा से तथा धारा 201 भा द वि में 2-2 वर्ष की सजा तथा 2000-2000/ रुपए अर्थ दण्ड की सजा से दंडित किया है अर्थ दण्ड की राशि जमा नहीं करने पर 2-2 अतिरिक्त कारावास की सजा से दंडित किया है, इधर आरोपीगण घटना के बाद से जेल में बंद है। इधर अब मृतिका की पत्नी सहित परिवारजनों को न्याय मिला है।

### पीएम आवास के...

प्लस 2.0 एप के माध्यम से सर्वे किया जा रहा है। साथ ही कोई भी व्यक्ति स्वयं एप के माध्यम से सर्वे कर सकता है। सर्वे हेतु आधार कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड परिवार का विवरण अनिवार्य है। सर्वे में कुछ भी तकनीकी समस्या आने पर संबंधित जनपद पंचायत के आवास शाखा से संपर्क किया जा सकता है। स्वयं सर्वे करने हेतु आवास प्लस 2024 एप एवं आधार फेस आरडी एप डाउनलोड कर सर्वे कर सकते हैं।

### संयंत्रों क्षेत्रों में ...

विभाग के कार्यपालन अभियंता, उप संचालक कृषि, महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र,सहायक संचालक औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा, नोडल अधिकारी पर्यावरण संरक्षण मण्डल रायपुर को सदस्य बनाए गए हैं।

**नियमितीकरण की मांग पर आड़े**

## सचिवों की हड़ताल से पंचायतों के कार्यों पर लगा ग्रहण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कसडोल/अर्जुनी

ग्राम पंचायतों में नए पंच सरपंचों को पदभार ग्रहण सम्हाले अभी आठ दिन भी नहीं बीते हैं कि गांवो के विकास एवं निर्माण कार्यों पर ग्रहण लगता दिख रहा है। ब्लॉक मुख्यालय दशहरा मैदान में 18 मार्च से सचिवों की हड़ताल शुरू हो गई है। इससे अब पंचायतों के विकास कार्यों पर ग्रहण लगने की आशंका बढ़ गई है। ज्ञात हो कि हाल में हुए पंचायत चुनाव के बाद सभी पंचायतों में नए सरपंचों सहित पंचों ने पदभार ग्रहण कर लिया है। पदभार ग्रहण करने के बाद पंचायतों में कई महीनों से अटके निर्माण कार्य सहित अन्य योजनाओं के कार्यों पर क्रियान्वयन शुरू होना है पर अब पंचायत सचिवों की अनिश्चितकालीन हड़ताल का इस पर व्यापक असर पड़ेगा और पंचायतों में विकास कार्य सुचारू रूप से तय समय में होने में दिक्कत आएगी। राज्य शासन द्वारा पंचायत सचिवों का शासकीयकरण नहीं किए जाने के विरोध में प्रदेश सचिव संघ के आह्वान पर सचिवों के द्वारा मोदी गारंटी पूरा नहीं करने के कारण 17 मार्च को विधानसभा घेराव के बाद 18 मार्च से जनपद मुख्यालय में अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू कर दी है।

गौरतलब है कि भाजपा सरकार की वादा खिलाफी से पूरे प्रदेश के पंचायत सचिव नाराज है और अब उनके हड़ताल पर चले जाने से ग्राम पंचायत के कामकाज में भी बाधा उत्पन्न होगी। जानकारी अनुसार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की चुनाव में दी गई गारंटी भाजपा सरकार के बजट में पंचायत सचिवों के शासकीय करण की मांग को पूरा नहीं किए जाने को लेकर पंचायत सचिव 18 मार्च से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए हैं। अनिश्चितकालीन हड़ताल के दूसरे दिन 19 मार्च को ब्लॉक अध्यक्ष अग्नि निर्मलकर, जिला कार्यकारिणी अध्यक्ष हरिकिशन वर्मा, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष बलदाऊ साहू, पवन साहू, मनोज मारकंडे , लोकनाथ साहू, भूषण वर्मा, तीरथ पाठक, मनोज घृतलहरे, प्रहलाद श्रीवास, पुष्पा साहू, रेखा वस्त्रकार, देवकुमारी राय, टीकाराम निराला, मोहन साहू, करीम अली खान, पूजा वर्मा, सहित ब्लॉक के सभी सचिव बैठे हुए थे।



## खबर संक्षेप



### भाजपा मंडल के सदस्यों ने की गौरीशंकर से मुलाकात

**पलारी।** पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल से गुरुवार को पलारी मंडल के कार्यकर्ताओं जनपद पंचायत सदस्य जामवंती साहू , जनपद प्रतिनिधि नीलकमल साहू, पूर्व किसान मोर्चा मंत्री बिसाहू राम साहू, भाजपा युवा मोर्चा उपाध्यक्ष हेमंत साहू, पूर्व सरपंच हेम कुमार साहू ने सौजन्य भेंट किया।

### गोंड़वाना सामूहिक विवाह कल, 31 जोड़े परिणय सूत्र में बंधेंगे

**बलौदाबाजार।** गोंडी धर्म के तहत गोंडवाना सामूहिक विवाह 23 मार्च रविवार को विवाह स्थल पुलिस ग्राऊंड लाहोद में रखा गया है। इसमें 31 जोड़ों का गोंडवाना सामूहिक विवाह एवं भूमि पूजन का कार्यक्रम होगा, जिसके मुख्य अतिथि रामविचार नेताम कृषि व आदिम जाति कल्याण मंत्री, अति विशिष्ट अथिति टंकराम वर्मा खेलखुद एवं युवा कल्याण राजस्व मंत्री , अध्यक्षता शिवसिंह नेताम, विशिष्ट अतिथि गौरीशंकर अग्रवाल पूर्व विधानसभा अध्यक्ष, संदीप साहू विधायक विधानसभा कसडोल, शिवरतन शर्मा पूर्व विधायक भाटापारा, प्रदेश उपाध्यक्ष भाजपा, डॉ. सनम जांगड़े पूर्व विधायक बिलाईगढ़, आनंद यादव जिलाध्यक्ष भाजपा जिला बलौदाबाजार, आकांक्षा जायसवाल जिला पंचायत अध्यक्ष, अजय राव प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य भाजपा, बी ल ध्रुव पूर्व सहायक आयुक्त परिवहन विभाग, सुभाष पर्ते प्रदेश अध्यक्ष युवा प्रभाग सर्व आदिवासी समाज, रामचंद ध्रुव महामंत्री भाजपा मंडल कसडोल आदि होंगे। उक्त जानकारी गोंड़ समाज लवन महासभा के अध्यक्ष शिव सिंह नेताम ने दी हैं।

### चरौदा में मानसगान प्रतियोगिता 24 से

**पलारी।** ग्राम चरौदा में शिव मानस मंडली एवं समस्त ग्रामवासी चरौदा के द्वारा 24 से 29 मार्च तक मानसगान प्रतियोगिता का आयोजन किया जा किया जा रहा है। इसमें प्रथम स्थान से पांचवा स्थान तक पुरस्कार दिया जाएगा, जिसमें प्रथम 5001, द्वितीय 4001, तृतीय 3001, चतुर्थ 2501, पांचवा 2001,एवं प्रत्येक मानस मंडली 401 रुपया प्रोत्साहन राशि दी जायेगी।

### मूरा में तीन दिवसीय नामायन 24 से

**बंगोली।** समीपस्थ ग्राम मूरा में त्रिदिवसीय नामायन गुरुगद्दी पूजा, मंगलभजन 24 से 27 मार्च तक आयोजन किया गया है। नामायन कार्यक्रम में प्रमुख रुप से सतनाम भजन प्रस्तुती देंगे। हेमलाल चतुर्वेदी, यशवंत सतनामी, द्वारिका बर्मन एवं मनोज ऑडिल द्वारा कार्यक्रम दिया जायेगा। कार्यक्रम आयोजन समस्त सतनामी समाज व समस्त ग्रामवासी मूरा है।

### दो आरोपियों से महुआ शराब जब्त

**महासमुंद।** बसना और सरायपाली में शराब जब्ती के मामलों में दो लोगों के खिलाफ कार्रवाई की गई है। बसना पुलिस ने बताया कि 20 मार्च को बसना से बिलाईगढ़ मार्ग किनारे ग्राम रसोड़ा में आरोपी कमलेश नायक पिता राजेश नायक (26 साल) वार्ड नं 03 बसना के कब्जे से कुल 7 लीटर महुआ शराब कीमत 1400 रुपए को जब्त कर आरोपी के खिलाफ धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

मुंह का ना खुलना
पान, तंबाकू सेवन के कारण मुंह का ना खुलना एक्सीडेंट में चोट या अन्य कारणों से मुंह का ना खुलना



कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर
आर.के.सी.के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay 9827144371

# संयंत्र में राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह मनाया और आयोजित की अनेक प्रतियोगिताएं

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार**

श्री रायपुर सीमेंट प्लांट खपराडीह ने 4 से 11 मार्च तक 54वें राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह का आयोजन किया। इस दौरान कार्यस्थल पर सुरक्षा, स्वास्थ्य एवं कल्याण को बढ़ावा देने के लिए कई प्रभावशाली पहलों की एक श्रृंखला का आयोजन किया गया। एक सप्ताह तक चले इस आयोजन के दौरान सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए कई गतिविधियां आयोजित की गईं। इसमें सुरक्षा पर आधारित पोस्टर बनाना, सुरक्षा स्लोगन प्रतियोगिता, सुरक्षा भाषण, खतरों की पहचान के लिए प्रतियोगिताएं, सुरक्षा क्विज, ड्राइवर प्रशिक्षण कार्यशालाएं और अग्नि सुरक्षा प्रशिक्षण शामिल था। कर्मचारियों एवं श्रमिकों ने इन पहलों में सक्रियता से हिस्सा लिया और सुरक्षा को बढ़ावा देने के लिए अपनी प्रतिबद्धता का प्रदर्शन किया। 11 मार्च को समापन समारोह में सुरक्षा विभाग से शैलेंद्र राठौड़ ने पूरे सप्ताह के दौरान आयोजित गतिविधियों का संक्षित विवरण दिया। कर्मचारियों एवं श्रमिकों ने सुरक्षा शपथ ली तथा कार्यस्थल पर सुरक्षित वातावरण के निर्माण के लिए अपने समर्पण की पुष्टि की। कार्यक्रम में पंकज कुमार, वीडी सिंह, अक्षय जैन, मनोज जैन, मनोज शर्मा, बिमल झा, आशीष माहेश्वरी और आरिफ मोहम्मद द्वारा विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को सम्मानित भी किया गया।

## कार्यस्थल पर सुरक्षा, स्वास्थ्य एवं कल्याण को बढ़ावा देने के लिए हुए कार्यक्रम



### हाउसकीपिंग के बीच के कनेक्शन पर भी रोशनी डाली

सुरक्षा के बारे में जागरुकता बढ़ाने के लिए प्रतिभागियों ने सुरक्षा की थीम पर कव्वाली एवं कविताएं पेश की और रचनात्मक तरीके से कार्यस्थल सुरक्षा का संदेश प्रसारित किया। पंकज कुमार, युनिट हैड, श्री रायपुर सीमेंट प्लांट ने कर्मचारियों से कहा कि उन्हें सुरक्षा को प्राथमिकता देनी चाहिए तथा कार्यस्थल पर खतरों की संभावना को रोकने के लिए 'स्टॉप एण्ड इंटरवेन' दृष्टिकोण अपनाना चाहिए। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि हर कर्मचारी अपने में एक सुरक्षा अधिकारी है। साथ ही उन्होंने सुरक्षा एवं अच्छी हाउसकीपिंग के बीच के कनेक्शन पर भी रोशनी डाली।

## कलेक्टर व नपाध्यक्ष ने नगर भ्रमण कर विकास कार्यों एवं व्यवस्थाओं का लिया जायजा

# शासन का फरमान : बाजार में विक्रेताओं को चबूतरे पर ही बेचनी होगी सब्जियां

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार**



कलेक्टर दीपक सोनी एवं नवनिर्वाचित नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन ने गुरुवार शाम बलौदाबाजार नगर भ्रमण पर निकले। इस दौरान नगर की सफाई-सफाई, सौंदर्यीकरण सहित विकास कार्यों का जायजा लिया। नगर स्थित डेली सब्जी मार्केट का दौरा कर व्यवस्थित संचालन हेतु आवंटित चबूतरे में ही सब्जी बेचने विक्रेताओं को समझाईश देने के साथ यह भी निर्देशित किया गया कि यदि कोई सब्जी विक्रेता चबूतरे में सब्जी नहीं बेचता है तो चबूतरा किसी अन्य सब्जी विक्रेता को आवंटित कर दिया जाएगा। मार्केट एरिया में सुव्यवस्थित आवागमन हेतु सड़क किनारे सब्जी बेचने एवं दुकान का सामान सड़क में रखने पर प्रतिबन्ध लगाने के निर्देश दिये।

उन्होंने गार्डन चौक पर 30 लाख की लागत से बनने वाले अटल परिसर निर्माण कार्य का अवलोकन किया। उक्त स्थल पर पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी बाजपेयी की विशाल प्रतिमा स्थापित की जानी है। गार्डन चौक शहर के हृदय स्थल पर है एवं चौक में सुगम यातायात व्यवस्था के लिए चौक का चौड़ीकरण किया जाना आवश्यक है, इसलिए पूर्व से बना हुआ प्रवेश द्वार को मंदिर समिति से चर्चा कर सहमति उपरांत हटाने के निर्देश संबंधित अधिकारी को दिये। साथ ही चौक में घड़ी स्थापित करने के संबंध में भी आवश्यक दिशा–निर्देश दिये। इसके पश्चात चिन्ना स्वामी तालाब का निरीक्षण के दौरान तालाब के सौंदर्यीकरण हेतु प्रस्ताव तैयार कर शासन को प्रेषित करने के निर्देश दिये। रामसागर तालाब को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने, बच्चों के खेलने के लिए झूला एवं ओपन जिम, बोटिंग की सुविधा, चौपाटी का विस्तार तथा तालाब से लगे अरविंद उद्यान में आवश्यक सुविधाएं विकसित करने प्रस्ताव तैयार कर शासन को प्रेषित करने निर्देशित किये। मुरुम तालाब, देवराहा तालाब एवं ट्रांसपोर्ट नगर के लिए प्रस्तावित स्थल का अवलोकन कर जायजा लिया। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की घोषणा के अनुरूप शहर में प्रवेश करने वाले भारी वाहनों को व्यवस्थित करने हेतु ग्राम लिमाही में प्रस्तावित ट्रांसपोर्ट नगर स्थापना हेतु प्रस्ताव तैयार कर स्वीकृति हेतु शासन को प्रेषित कर दिया गया है। मुरूम तालाब के पास निर्मित चौपाटी के समीप आबंटित दुकानों को शुरू नहीं करने पर सम्बंधित को नोटिस जारी करने तथा खाली जगह पर अन्य शहरों की तर्ज पर बेहतर चौपाटी विकसित करने के निर्देश दिये। मुरूम तालाब में लंबे समय तक पानी ठराव के लिए विषेशज्ञों से संपर्क कर आवशयक परामर्श लेने के निर्देश दिये। इस दौरान नगर पालिका उपाध्यक्ष जितेन्द्र महाले एवं स्थानीय पार्षदगण सहित मुख्य नगर पालिका अधिकारी खिरोद्र भोई एवं अन्य अधिकारी मौजूद थे।

### ऑटो स्टैण्ड निर्माण के लिए स्थल चिन्हांकन करने निर्देश

देवराहा तालाब के पास यातायात विभाग की मांग अनुसार ऑटो स्टैण्ड निर्माण हेतु स्थल चिन्हांकन करने निर्देशित किया। शासन के निर्देशानुसार शहर के व्यवस्थित विकास हेतु आगामी 5 वर्षों के लिए मास्टर प्लान तैयार करने मुख्य नगर पालिका अधिकारी को निर्देश दिया गया। इस प्लान में सभी वार्डों को सम्मिलित कर जनप्रतिनिधियों की सहभागिता से तैयार करने निर्देशित किया। भारत सरकार द्वारा स्वच्छ सर्वेक्षण 2025 के अंतर्गत जिले के सभी निकायों को बेहतर रैंक लाने निर्धारित मापदण्डों के अनुसार शहरों को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने कार्य करने के निर्देश दिये। नगर के मुख्य सड़क के डिवाइडर की मरम्मत, रंगाई–पोताई कराने तथा सड़क किनारे की घास एवं झाड़ियों की साफ–सफाई के भी निर्देश दिये गए।

## गर्मी में बोहार भांजी की मांग बढ़ी



**हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिरमी-रावन**

देश के हर राज्य का खान–पान अपनी अलग पहचान रखता है और छत्तीसगढ़ भी इसमें पीछे नहीं है। यहां की भजियों को खास पहचान मिली है, जो अपने औषधीय गुणों और पोषक तत्वों के लिए जानी जाती हैं। लाल भाजी, पालक भाजी, चौलाई भाजी, मेथी भाजी जैसी कई स्थानीय भाजियां यहां काफी लोकप्रिय हैं। गर्मी के दिनों में मिलने वाली बोहार भाजी विशेष रूप से पौष्टिक होती है, जिसे दही और अन्य सामग्रियों के साथ तैयार किया जाता है। बाजार में इसकी कीमत करीब 200 रुपए प्रति किलो है और इसे छत्तीसगढ़ में चाव से खाया जाता है। छत्तीसगढ़ के बस्तर, सरगुजा और अन्य क्षेत्रों में बोहार भाजी को बेहद पौष्टिक माना जाता है, खासकर गर्मी के दिनों में इसकी मांग बढ़ जाती है। नगर के बाजार चौक पर भाजी बेचने वाली श्यासुन्दर ने बताया कि बोहार भाजी 50 रुपए पाव और 200 रुपए किलो में बिकती है। यह भाजी डौड़ी लोहारा और बालोद जिले से लाई जाती है। अपने औषधीय गुणों के कारण यह भाजी गर्मी के मौसम में लोगों की पहली पसंद बनी रहती है। दिलेश्वर मढरिया ने बताया कि प्राकृतिक विरासत का हिस्सा छत्तीसगढ़ का भौगोलिक परिदृश्य मैदानी और जंगली इलाकों का अनूठा मिश्रण है, जिसकी झलक यहां के खान–पान में भी दिखती है। यहां के लोग सब्जियों के रूप में विभिन्न प्रकार की भाजियों का भरपूर उपयोग करते हैं और बोहार भाजी भी इसी प्राकृतिक विरासत का हिस्सा है। कोमल पत्तों और कलियों से बनी यह भाजी कुछ ही दिनों में फूल में बदल जाती है, इसलिए इसे खाने के लिए फूल बनने से पहले ही तोड़ना जरूरी होता है।

## खाद्य एवं औषधि प्रशासन की टीम ने जायना एग्रो का किया निरीक्षण



**हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा**

गर्मी सीजन में बिकने वाले खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता परखने हेतु खाद्य एवं औषधि प्रशासन की टीम द्वारा लगातार जांच कार्रवाई की जा रही है। शुक्रवार को खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग की टीम द्वारा सिमगा स्थित जायना एग्रो का निरीक्षण कर पेय पदार्थों के गुणवत्ता हेतु सैपल लिया गया। खाद्य सुरक्षा अधिकारी उमेश वर्मा ने बताया कि टीम द्वारा जायना एग्रो सिमगा से जील अप पैकेज्ड ड्रिंकिंग वाटर और जील अप, जीरा फीज कार्बोनेटेड बेवरेज की गुणवत्ता एवं लेबल जांच हेतु खाद्य नमूना लिया गया। खाद्य नमूना को राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भेजा जाएगा एवं वहां से रिपोर्ट प्राप्त होने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

## धोबी समाज का वार्षिक अधिवेशन आज से

**अर्जुनी।** झेरिया धोबी समाज तरेंगा राज का दो दिवसीय वार्षिक महाअधिवेशन 22 और 23 मार्च को सिंगारपुर मावली में समाज के श्रीराम जानकी मंदिर प्रांगण में रखा गया है। 22 मार्च की रात्रि अतिथियो का सम्मान एवं उद्बोधन होगा। इस महाअधिवेशन में सामाजजनों को तरेंगा राज अध्यक्ष त्रिलोचन रजक, सचिव नारायण निर्मलकर, संरक्षक शंकर लाल रजक, सहसचिव ईश्वर रजक ने अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने की अपील की है।

## कलशयात्रा के साथ शिव पुराण पर कथा शुरू

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा**



राधा कृष्ण सेवा समिति द्वारा सात दिवसीय शिव महापुराण कथा का आयोजन, वार्ड नंबर 2 तिल्दा रोड खरोरा में किया जा रहा है। पहले दिन शुक्रवार को कलशयात्रा निकाली गई, जो खरोरा के हृदय स्थल तिगड्डा चौक, छत्तीसगढ़ मेडिकल होते हुए मां करियादामा मंदिर, शीतलामंदिर से जल लेकर कथा स्थल पर पहुंची। व्यासपीठ पुजाऔर महापुराण की पूजा के पश्चात, कथावक्ता पं. सुरेश शर्मा द्वारा शिव महापुराण की महात्म्य कथा सुनाई गई। अत्याचारी देवराज ब्राह्मणद्वारा पापाचार करने के पश्चात भी शिव महापुराण की कथा श्रवण करने से उन्हें शिवलोक की प्राप्ति हुई। इसी तरह बिंदुग और चंचुला दोनों पति-पत्नी पापवासना में डूबे रहते थे। इस कारण बिंदुग की मृत्यु अल्पकाल में हो गई। पत्नी चंचुला गोकर्णक्षेत्र में शिवमहापुराण की कथा श्रवण करने के बाद मातापार्वती की लोक को प्राप्त हुई। पूर्व जन्म के पुण्य के प्रभाव से, वह पार्वती की सखी बन गई और भगवान शिव के भक्त तुंबरू गंधर्व द्वारा अपने पति को जो प्रेत आत्मा में थे, शिवमहापुराण की कथा सुनाई और उनको भी शिवलोक की प्राप्ति हुई। शिव कथा के प्रभाव से दोनों पति–पत्नी हजारों वर्ष तक शिवलोक में रमन करते रहे। अंत में उन्हें मुक्ति मिल गई। यही शिवमहापुराण और शिव कथा की महिमा है। शिव महापुराण की कथा 21 से 28 मार्च तक चलेगी। सुबह 7 से 9 बजे तक परायण पाठ और दोपहर 2.30 से 6.30 बजे तक सुंदर शिव महापुराण की कथा हो रही है।

### भरुवाडीह कला में रामायण का समापन

**खरोरा।** ग्राम भरुवाडीह कला में पांच दिवसीय रामायण समारोह संपन्न हुआ। इस आयोजन से पूरे गांव आध्यात्मिक हो गया। इसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। समारोह के दौरान रामचरितमानस के विभिन्न प्रसंगों का संगीतमय पाठ किया गया, जिसमें विद्वानों और कथा वाचकों ने रामायण के आदर्शों पर प्रेरणादायक प्रवचन दिए। समिति के सदस्यों ने पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की और इसे सफलतापूर्वक संपन्न किया। इनके अथक प्रयासों से पूरा समारोह अनुशासित और भावनात्मक रूप से प्रभावशाली बना। ग्राम के सरपंच चित्ररेखा सेतकुमार बंजारे ने सभी आगंतुकों और सहयोगियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह समारोह सभी के सामूहिक प्रयासों का परिणाम है और भविष्य में भी इसे और भव्य रूप से आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम के अंत में भक्तों को प्रसाद वितरित किया गया और संकीर्तन के साथ समारोह का समापन हुआ।



## किसानों की खेती के लिए गंगरेल बांध से पानी छोड़े सरकार

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा**

- पूर्व मंडी अध्यक्ष शर्मा और ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष यादव ने अंचल के किसानों से की मुलाकात

नई कृषि ऊपज मंडी के जनक पूर्व मंडी अध्यक्ष सुशील शर्मा, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष अरुण यादव ने भाटापारा विधानसभा के ग्राम गुडेलिया, चमारगुड़ा, पासिद, रामपुर, करहीबाजार, चिचपोल गांवों का सघन दौरा कर ग्रामीण कांग्रेस के कार्यकर्ताओं, किसानों एवं महिला समूह के सदस्यों से भेंट मुलाकात कर अनेक मुद्दों पर विस्तार पूर्वक चर्चा की। सुशील शर्मा एवं अरुण यादव ने बताया कि गांव-गांव में पेयजल की समस्या विकराल होने वाली है। हैंडपम्प और तालाब सूखने के कगार में पहुंच चुके हैं, किसानों के मोटर पम्प बंद होते जा रहे हैं, क्योंकि खेतों में लगे बोर पम्प सूखने के कारण किसानों की रबी फसल की सिंचाई नहीं हो पा रही है। फसल के साथ ही साथ सब्जी बाड़ी वाले किसान भी चिंतित है। किसानों और कार्यकर्ताओं ने एक स्वर में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मांग करते हुये कहा कि किसानों और जनता जनार्दन के हितार्थ तत्काल भाटापारा शाखा नहर में गंगरेल बांध से पानी छोड़ा जाए, जिससे किसानों की रबी फसलों को बचाया जा सके। नलकूपों और तालाबों में भरपूर पानी मिल सके, विकास के नाम पर सिर्फ झुनझुना बजाया जा रहा है।

सुशील शर्मा के गांव-गांव पहुंचने पर ग्रामीणों ने आतिशबाजी के साथ स्वागत किया। दौरे में सुशील शर्मा के साथ ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष अरुण यादव, जिला सचिव सचिन शर्मा, गंगा जायसवाल, कोमल साहू, लुकेश यदु, रिखीराम, निर्मल उपस्थित थे।

## सुपोषण चौपाल में बच्चों को कराया अन्न प्राशन्न



**हरिभूमि न्यूज ▶▶| संडी बंगला**

सुपोषण के बारे मे जागरूकता लाने और बच्चों, महिलाओं को कुपोषण से बचाने के लिए आंगनबाड़ी केंद्रों पर सुपोषण चौपाल का आयोजन महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा किया जा रहा है। ग्रामों में भी सुपोषण चौपालों का आयोजन किया जा रहा है। सुपोषण चौपाल में पौष्टिक आहार से संबंधित जानकारियां बच्चों गर्भवती और शिशुवती महिलाओं को दी जा रही है। महिला एवं बाल विकास विभाग समिति द्वारा ग्राम खरतोरा आंगनबाड़ी केंद्र में सुपोषण चौपाल मनाया गया। जिसमें गर्भवती महिलाओं की गोदभराई और बच्चो अन्न प्रासन्न व बाल मुंह जूठा कराए । इस अवसर पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं जिसमें पूर्व सरपंच सविता बिसेसर वर्मा एवं नवनिर्वाचित सरपंच प्रतिनिधि नर्मदा भारती गर्भवती महिला मधु साहू, रेणुका साहू, दामिनी साहू, सदस्यगण मैना साहू, श्याम बाई , सीता वर्मा, रजनी वर्मा, चंद्रकला साहू, सोनबती, महेशिया प्रेमिन वर्मा, खेदिया वर्मा, ईश्वरी साहू, शामिल हुए श्यमुना साहू , फुलवा वर्मा आदि उपस्थित थे।

टैक्सी चाहिए
हरिभूमि समाचार पत्र में रात्रि पेपर पार्सल ले जाने हेतु तूफान, बोलेरो, क्रुजर, टाटा एस की आवश्यकता है।
बलौदाबाजार से बिलाईगढ़-सरसीवां
संपूर्ण कागजात के साथ प्रसार विभाग में संपर्क करें।
हरिभूमि
कार्यालय, धमतरी रोड, टिकरापारा, रायपुर

online Booking:-www.tripuryatra.com




चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री
02 मई से 10 मई 2025, 07 मई से 15 मई 2025, 18 मई से 26 मई 2025, 29 मई से 06 जून 2025, 09 जून से 17 जून 2025
राशि:- स्टैंडर्ड पैकेज 17,000/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411